# उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
सचिवालय परिसर, 4–सुभाष रोड, देहरादून–248001

संख्या– 1012 / USDMA-975 (2022)

दिनांक: 19, सितम्बर, 2022

(7)

## विज्ञप्ति

आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग उत्तराखण्ड शासन, देहरादून की विज्ञप्ति संख्या–464/XVII-(B-2)/5(UDRP-AF)/2021 दिनांक 12, अगस्त 2022 के द्वारा उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र (Uttarakhand Landslide Mitigation and Management Center), देहरादून हेतु प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर विभिन्न प्रकार के 31 पदों के सापेक्ष कुल 43 पदों के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसमें Director का 01 पद (वेतन–संविदा की दशा में रू. 3,00,000/– प्रति माह अथवा प्रतिनियुक्ति की दशा में– As per Departmental Scale) तथा Chief Consultant का 01 पद (वेतन–संविदा की दशा में रू. 2,50,000/– प्रति माह अथवा प्रतिनियुक्ति की दशा में –As per Departmental Scale) भी सम्मिलित था।

किन्तु सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के क्रम में अपरिहार्य कारणों से उक्त वर्णित विज्ञप्ति संख्या–464/XVII-(B-2)/5(UDRP-AF)/2021 दिनांक 12, अगस्त 2022 के माध्यम से Director तथा Chief Consultant के लिये विज्ञापित पद को निरस्त किया जाता है। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से विज्ञापित शेष पद यथावत् रहेंगे। विज्ञप्ति संख्या–464/XVII-(B-2)/5(UDRP-AF)/2021 दिनांक 12, अगस्त 2022 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

2– उपरोक्तानुसार निरस्त पदों को पुनः निम्न प्रकार विज्ञापित किया जा रहा है:–

आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अन्तर्गत गठित उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र (Uttarakhand Landslide Mitigation and Management Center), देहरादून में निम्नलिखित पदों पर **पुर्ननियुक्ति/संविदा** के आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| Sl.No. | Position | Function | No. of Post | Administrative, Educational Qualification and Experience | Salary Per Month |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Director | Technical Head of the Organisation | 01 | (a) B.E. or B.Tech in civil Engineering / M.Sc. or M.Tech (Applied Geology or Engineering Geology)<br>(b) Person having minimum 20 years of experience in Project Supervision & Management, Policy Framework, Procurement & Centract Management . (Preferably in Landslide Treatment Area) | On Contractual Rs.3,00,000/-<br>On Reappointment as per Personnel Department Section-02 G.O. No.173/XXX(2)/2013-03 (1)/ 2012<br>Dated 20 Feb. 2013 Govt. of Uttarakhand. |
| 2. | Chief Consultant | Overall technical Authority on Design | 01 | PG in Geotechnical Engineering/Soil Mechanics & Foundation Engineering with minimum 15 Years + Experienced in Slope Stabilization including Landslide Mitigation/Flood Protection Measures (work experience in hilly terrain is preferable) | On Contractual Rs.2,50,000/-<br>On Reappointment as per Personnel Department Section-02 G.O. No.173/XXX(2)/2013-03 (1)/ 2012<br>Dated 20 Feb. 2013 Govt. of Uttarakhand. |

3– उक्त पदों हेतु आवेदन के लिये अधिकतम आयु सीमा कार्मिक अनुभाग–02, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–173/XXX(2)/2013-03 (1)/ 2012 दिनांक 20 फरवरी, 2013 के अनुसार 65 वर्ष होगी।

4– उक्त पदों के लिये आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की **अन्तिम तिथि 05.10.2022 के सांय 5:00 बजे** तक होगी। इन पदों के लिये आवेदन कर्ता अपना आवेदन पत्र अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, 04 सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून–248001 के पते पर, लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, अपना नाम एवं पता तथा मो0नम्बर अंकित करते हुये स्पीड पोस्ट/कोरियर सर्विस के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं।

5– आवेदन पत्र का प्रारूप तथा कार्मिक अनुभाग–02, उत्तराखण्ड शासन का शासनादेश संख्या–173/XXX(2)/2013-03 (1)/ 2012 दिनांक 20 फरवरी, 2013 उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (USDMA) की वेबसाइट https:// usdma.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

(सविन बंसल)
अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास
विभाग, उत्तराखण्ड शासन/
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)

क्रमशः पृष्ठ–02

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. सम्पादक, द टाइम्स ऑफ इण्डिया, तथा दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को DAVP दरों पर 12 X 14 (168 Sq.c.m) प्रारूप पर अपने ऑल इण्डिया एडिशन में प्रकाशित करते हुये बीजक भुगतान हेतु अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (यू0एस0डी0एम0ए0) सचिवालय परिसर, 04 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. श्री अमित शर्मा, सिस्टम विशेषज्ञ, यू0एस0डी0एम0ए0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति, आवेदन पत्र का प्रारूप तथा कार्मिक अनुभाग–02, उत्तराखण्ड शासन का शासनादेश संख्या–173/XXX(2)/2013-03 (1)/ 2012 दिनांक 20 फरवरी, 2013 को वेबसाइट https://usdma.uk.gov.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. श्री देवेन्द्र कुमार डौडिया, प्रधान सहायक, यू0एस0डी0एम0ए0 एवं श्री घनश्याम टम्टा, तकनीकी सहायक, यू0एस0डी0एम0ए0 इस निर्देश के साथ कि उक्त वर्णित समाचार पत्रों में उक्त विज्ञप्ति आगामी दिवस के प्रकाशन में प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।

19/09.

**(सविन बंसल)**
अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास
विभाग, उत्तराखण्ड शासन/
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)